बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

117th FOUNDATION YEAR
TRUSTED TODAY | TRANSFORMING TOMORROW

## निविदा सूचना

बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय,

प्रथम तल, 407-409 स्कीम न॰1 मंगल पाण्डेय नगर मेरठ- 250004

बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ **जहां है जैसी है** के आधार पर अपने अंचल के विभिन्न कार्यालयों / शाखाओं में उपलब्ध निम्नलिखित वाहनों की बिक्री हेतु निर्धारित प्रारूप में मुहरबंद / ठीक प्रकार से बंद निविदाएँ आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | वाहन निर्माता व मॉडल | पंजीकरण सं. | पंजीकरण वर्ष | आरक्षित मूल्य (रु.) | वाहन पार्किंग का स्थान | वाहन के निरीक्षण हेतु संपर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Maruti Dzire | UP-15-DB-8326 | 2019 | 3,51,000 | Bank of Baroda Regional Office 407-409 Scheme No.1 Mangal Pandey Nagar Meerut (UP)-250004 | 9760001235 / 8477000787 |

निविदा प्रपत्र तीन लिफाफों में निम्न प्रकार से जमा करना होगा:

1. **लिफाफा सं॰ 1: जमानत राशि रु॰ 5000/- का बैंक ड्राफ्ट.**
2. **लिफाफा सं॰ 2: विधिवत रूप से भरा हुआ निविदा प्रपत्र.**
3. **लिफाफा सं॰ 3: लिफाफा सं॰ 1 व 2 रखा हुआ.**

निविदा प्रपत्र उपरोक्तानुसार सीलबंद लिफाफे पर **"कार सं. UP-15-DB-8326 हेतु निविदा"** अंकित करके निम्नलिखित पते पर दिनांक 11.03.2025 को शाम **03:00** बजे तक प्राप्त हो जाने चाहिए:

**बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय**

**407-409 स्कीम न॰1 मंगल पाण्डेय नगर मेरठ (यू॰पी॰)-250004**

## निविदाकर्ताओं के लिए नियम व शर्तें

- प्रत्येक वाहन हेतु **रु॰ 5000/- का बैंक ड्राफ्ट जो कि बैंक ऑफ बड़ौदा, मेरठ** के पक्ष में देय हो, जमानत राशि के रूप में निविदा के साथ संलग्न होना चाहिए। बिना जमानत राशि के प्राप्त होने वाली निविदा अस्वीकार कर दी जाएगी।
- निविदाकर्ता एक या सभी वाहनों के लिए निविदा जमा कर सकता है। **प्रत्येक वाहन हेतु अलग- अलग निविदा जमा करनी होगी।** निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 11.03.2025 **को शाम 3.00 बजे तक** है। डाक / कोरियर अथवा अन्य किसी कारणवश अंतिम तिथि व समय के बाद प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी।
- सभी निविदाएँ दिनांक 11.03.2025 को सायं **4.00** बजे बैंक के कमेटी सदस्यों व निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोली जाएंगी । सशर्त निविदा को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
- वाहनों का निरीक्षण दिनांक 19.02.2025 से 11.03.2025 तक बैंक के कार्य दिवस में सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे एवं दिनांक 11.03.2025 को सायं 3:00 बजे तक उपरोक्त सूची में दिये गए नंबर पर संपर्क करके किया जा सकता है।



बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, ४०७-४०९, स्कीम न० ०१ मंगल पांडे नगर मेरठ )२५०००४ (उ.प्र
Bank of Baroda, Regional Office, 407-409, Scheme No. 1, Mangal Pandey Nagar, Meerut 250004 (U. P.)
Email: rm.meerut@bankofbaroda.co.in/web: www.bankofbaroda.com

- निविदा में अधिकतम धनराशि भरने वाले निविदाकर्ता का प्रस्ताव स्वीकार किया जाएगा। निविदा स्वीकृत होने के 7 दिन के अंदर निविदा कर्ता को वाहन का पूरा मूल्य (जमानत राशि के अतिरिक्त) जमा करना होगा अन्यथा जमा की गई जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।

- वाहन को पार्किंग स्थल से निकालने तथा आर.टी.ओ. से नाम स्थानांतरित करवाने इत्यादि में होने वाला समस्त व्यय खरीददार को ही वहन करना होगा।

- वाहन की सुपुर्दगी सफल निविदाकर्ता को वाहन का पूरा मूल्य जमा करने व आर.टी.ओ. से नाम स्थानांतरित करवाने के पश्चात दी जाएगी। निविदा के साथ जमा की गई जमानत राशि वाहन का नाम स्थानांतरण होने के बाद वापस की जाएगी।

- निविदाकर्ता द्वारा एक महीने की अवधि के अंतर्गत आर.टी.ओ. से नाम स्थानांतरित करवाना अनिवार्य है,यदि वह इसमें विफल रहते हैं तो बैंक जमानत राशि जब्त करने व उचित अग्रिम कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखेगा।

- वाहन का स्थानांतरण केवल निविदाकर्ता के नाम पर ही होगा, किसी तृतीय पक्ष के नाम पर वाहन स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।

- वाहन के आरक्षित मूल्य से कम मूल्य की निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

- निविदा प्रपत्र के साथ निविदाकर्ता को अपने पहचान पत्र व पते का प्रमाण (आधार कार्ड, पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि ) की स्वयं सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करनी होगी।

- असफल निविदाकर्ताओं के द्वारा जमा की गई जमानत राशि निविदा जमा करने की अंतिम तिथि से 30 दिन के अंदर वापस कर दी जाएगी। जमानत राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा।

- बैंक बिना कारण बताए किसी भी अथवा समस्त निविदायों को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

- इस निविदा से संबन्धित कोई भी संशोधन केवल बैंक की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। अत: निविदाकर्ता निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तक बैंक की वैबसाइट पर निविदा प्रपत्र देखते रहें।

**परिसर व उपकरण विभाग**
**बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय**
**407-409 स्कीम न॰1 मंगल पाण्डेय नगर मेरठ (यू॰पी॰)-250004**
**मोबाइल नं॰: 9760001235  दिनांक: 18.02.2025**


बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, ४०७-४०९, स्कीम न० ०१ मंगल पांडे नगर मेरठ )२५०००४ (उ.प्र
Bank of Baroda, Regional Office, 407-409, Scheme No. 1, Mangal Pandey Nagar, Meerut 250004 (U. P.)
Email: rm.meerut@bankofbaroda.co.in/web: www.bankofbaroda.com

**बिड के लिए प्रारूप / Format for Bid**

**(अलग सील लिफाफे में / In separate sealed envelope)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वाहन सं॰ जिसके लिए निविदा जमा की जा रही है<br>Vehicle Number for which Bid is submitted | |
| 2 | आवेदक का नाम<br>Name of Applicant | |
| 3 | आवेदक का पूरा पता<br>Full Address of Applicant | |
| 4 | फोन नं॰ / मोबाइल नं॰<br>Phone Number/ Mobile Number | |
| 5 | आधार नंबर (कृपया प्रतिलिपि संलग्न करें)<br>Aadhaar Number (Please enclose copy) | |
| 6 | पैन (कृपया प्रतिलिपि संलग्न करें)<br>PAN (Please enclose copy) | |
| 7 | जमानत राशि का विवरण<br>(ड्राफ्ट/ बैंकर चेक सं॰, दिनांक, बैंक का नाम )<br>Detail of Earnest Money Deposit<br>( DD / BC No., Date, name of Bank) | |
| 8 | निविदा के अनुसार वाहन का आरक्षित मूल्य<br>( रु॰ अंकों व शब्दों में)<br>Reserve Price of Vehicle as per Tender<br>(Rs. in Figures and Words) | |
| 9 | **वाहन का प्रस्तावित मूल्य**<br>**(रु॰ अंकों व शब्दों में)**<br>**Quoted Price of Vehicle**<br>**(Rs. in Figures and Words)** | |

मैंने टेंडर नोटिस में दिये गए समस्त नियम व शर्तें भलीभाँति पढ़ ली है तथा मुझे सभी नियम व शर्तें स्वीकार हैं । मैंने उपरोक्त वाहन का निरीक्षण कर लिया है तथा मैंने इसके लिए **जहां है जैसी है** के आधार पर वाहन का मूल्य लगाया है। मुझे भलीभाँति ज्ञात है कि यदि मेरी निविदा उच्चतम धनराशि के साथ सफल पायी जाती है तो मुझे निविदा स्वीकृत होने के 7 दिन के अंदर वाहन का पूरा मूल्य (जमानत राशि को शामिल करके) जमा करना होगा अन्यथा मेरे द्वारा जमा की गई जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

(Signature of Bidder)

दिनांक / Date:



बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, ४०७-४०९, स्कीम न० ०१ मंगल पांडे नगर मेरठ )२५०००४ (उ.प्र
Bank of Baroda, Regional Office, 407-409, Scheme No. 1, Mangal Pandey Nagar, Meerut 250004 (U. P.)
Email: rm.meerut@bankofbaroda.co.in/web: www.bankofbaroda.com